"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 461]　　　रायपुर, गुरुवार, दिनांक 21 अगस्त 2014— श्रावण 30, शक 1936

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 20 अगस्त 2014

अधिसूचना

क्रमांक एफ 3-6/2011/1-7. — इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 29-08-2011 द्वारा, थाना चांदो अन्तर्गत ग्राम नवाडीह, चेड़रा नाला के किनारे हुई पुलिस मुठभेड़ में कुमारी मीना खलखो की मृत्यु की न्यायिक जांच के लिए श्रीमती अनिता झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित किया गया है. आयोग को उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन माह के भीतर शासन को जांच रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन निर्धारित समयावधि में जांच कार्य पूर्ण न होने के कारण विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27-02-2012, दिनांक 29-05-2012, दिनांक 29-11-2012, दिनांक 28-02-2013, दिनांक 30-07-2013 तथा दिनांक 20-02-2014 द्वारा आयोग के कार्यकाल में समयवृद्धि की गई है, जो दिनांक 27-08-2014 को समाप्त हो रही है.

2. चूंकि, जांच आयोग का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, अत: राज्य शासन एतद्द्वारा आयोग के कार्यकाल में दिनांक 28-08-2014 से दिनांक 27-02-2015 तक 06 माह की और वृद्धि करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, अपर सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2014.